सेंट थॉमस स्कूल, लोनी

विशेष सभा - स्वतंत्रता दिवस

कक्षा – 10

इस देश से ही मेरी पहचान है,

यही मेरा दिल यही मेरी जान है।

दिनांक 14 अगस्त 2024 को सेंट थॉमस स्कूल, लोनी के कक्षा 10 के विद्यार्थियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन आदरणीय फादर बिजू डेनिअल थे। कार्यक्रम का आरम्भ प्रार्थना से किया गया। तदोपरांत छात्रों ने संस्कृत में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। गीत के बाद स्कूल के चेयरमैन आदरणीय फादर बिजू डेनिअल ने सभा में उपस्थित सभी छात्रों तथा अध्यापकों को स्वतंत्र दिवस पर बधाई देते हुए कुछ शब्द कहे। फिर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें माइम , देशभक्ति कविता वाचन तथा कक्षा नौ तथा दस के छात्रों द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में देश को आजाद करवाने वाले शहीदों को याद करने के साथ स्वतंत्रता के पिछले 77 सालों में प्राप्त उपलब्धियों को दर्शाया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती शाली नायर ने छात्रों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए विद्यार्थियों को सारे समाज की भलाई और विकास के लिए सहयोग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से हुई।